तापमान

अधिकतम 38.0 डिग्री

न्यूनतम 22.0 डिग्री

हरिभूमि

# बेमेतरा भूमि

रायपुर, शुक्रवार 27 मार्च 2026

बेमेतरा | देवकर | नवागढ़ | साजा | परपोड़ी | थानखम्हरिया | नांदघाट

14 40 ओपन डंपिंग ग्राउंड का कायाकल्प, लोगों को मिल...



15 जब ऐतिहासिक मेगा नाटक में दिखी औद्योगिक तीर्थ के सभी...



## नवरात्रि विशेष



### नवमीः सिद्धिदात्री

नवम नवरात्रि को देवी माता के मंडपों में सिद्धिदात्री देवी की आराधना होती है। सिद्धिदात्री मां दुर्गा का नौवां स्वरूप है। माता की यह शक्ति सभी प्रकार की सिद्धियां देने वाली है। मार्कडेय पुराण के अनुसार अणिमा, महिमा, गरिमा, लांघना, प्राप्ति, प्राकाम्य, ईशित्व और वशित्व यह आठ सिद्धियां है। ब्रह्मवैवर्तपुराण के श्रीकृष्ण जन्म खंड में यह संख्या अठारह बताई गई है। सिद्धिदात्री को ही जगत को चलाने वाली देवी कहा गया है। देवी पुराण के अनुसार महादेव ने इनकी कृपा से ही सिद्धियां प्राप्त की थी। इन्ही के कृपा से सदाशिव का आधा शरीर देवी का हुआ है। यह भी कथा है कि मधु-कैटभ के वध के लिए महादेवी ने महामाया फैलाई और उसके अनेक रुप हो गए। भ्रमित दानवों ने पूछा कि देवी जब तुम अकेली हो तो इतनी सारी शक्तियां कौन है। तब देवी ने कहा कि सब मेरी शक्तियां हैं। मुझसे अलग कुछ नहीं है। इतना कहते देवी ने तमाम शक्तियां समेट ली और केवल सिद्धिदात्री मां ही रह गई। ऐसे ही समुद्र मंथन के समय सिद्धिदात्री देवी ने ही असुओं को भ्रम में डाला था। सिद्धिदात्री मां कमला ही धन-धान्य की प्रतीक हैं। मां सिद्धिदात्री चार भुजाओं वाली है। कमल पुष्प इनका आसन है। देवी के दाहिने तरफ के नीचे वाले हाथ में चंद्र, उपर वाले हाथ में गदा और बांई तरफ के नीचे वाले हाथ में शंख और उपर वाले हाथ में कमल पुष्प है। जगत का कल्याण करने वाली यह देवी नवरात्री की अधिष्ठात्री भी है। सिद्धिदात्री मां के भक्तों की लौकिक-पारलौकिक सभी प्रकार की कामनाएं पूर्ण होती हैं। सिद्धिदात्री माता का आराधना का मंत्र है-
सिद्धगंधर्वयक्षाद्यैरसुरैरमरैरपि।
सेव्यमाना सदा भूयात सिद्धिदा सिद्धिदायिनी।।

## खबर संक्षेप

### रामनवमी पर शीतला मंदिर से आज निकलेगी शोभायात्रा

**बेमेतरा।** रामनवमी पर्व पर 27 मार्च को शाम 4 बजे शीतला मंदिर ग्राम मटिया से भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा को ऐतिहासिक बनाने समिति के पदाधिकारी के साथ ही गांव के युवा, बुजर्ग बेहद उत्साहित है। इसी क्रम में रामनवमीं पर शोभायात्रा को सफल बनाने के लिए स्व-सहायता समूह की महिलाएं भी उपस्थित रहेंगी। समिति के प्रमुख राजेंद्र वर्मा ने बताया कि यह शोभायात्रा केवल धार्मिक आयोजन नहीं, बल्कि सामाजिक एकता और सांस्कृतिक गौरव का प्रतीक है। भगवान श्रीराम की आकर्षक झांकियां, सुसज्जित रथ, बैंड-बाजे, ढोल-नगाड़े एवं पारंपरिक वेशभूषा में श्रद्धालुओं की सहभागिता इस आयोजन को भव्यता प्रदान करेगी। उन्होंने गांव वालों से अपील की कि अधिक से अधिक संख्या में शामिल होकर रामनवमी पर्व को ऐतिहासिक बनाएं।

### अवैध शराब पर पुलिस की कार्रवाई, 8 आरोपी गिरफ्तार

**बेमेतरा।** जिले में अवैध शराब कारोबार और सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन करने वालों के खिलाफ पुलिस ने सख्त रुख अपनाते हुए बड़ी कार्रवाई की है। विभिन्न थाना एवं चौकी क्षेत्रों में अभियान चलाकर कुल 8 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किया गया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार, ये सभी आरोपी अवैध रूप से शराब का भंडारण कर बिक्री कर रहे थे, सार्वजनिक स्थानों पर शराब सेवन कर रहे थे तथा अन्य लोगों को शराब पिलाने की सुविधा उपलब्ध करा रहे थे। कार्रवाई के दौरान आरोपियों को गिरफ्तार कर उनके खिलाफ विधिसम्मत कार्रवाई की गई। गिरफ्तार आरोपियों में नवीन ध्रुव (28 वर्ष), निवासी बिनैका थाना सिमगा, हाल ग्राम मोहरेंगा थाना बेमेतरा,लव कुमार ध्रुव (40 वर्ष), निवासी अमलडीहा, मोहन साहू (21 वर्ष), निवासी नेरूसे थाना नवागढ़ संजय (45 वर्ष) निवासी चिचोली थाना नांदघाट , शेष पेज 14 पर

---

**पर्व : सुबह से देर रात तक मंदिरों में उमड़ा श्रद्धालुओं का सैलाब**

# चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर गूंजे जयकारे पूर्णाहुति व महाआरती के साथ यज्ञ संपन्न

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

चैत्र नवरात्रि की अष्टमी तिथि पर जिलेभर के देवी मंदिरों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। जिला मुख्यालय सहित ग्रामीण एवं नगरीय क्षेत्रों के विभिन्न मंदिरों में विधि-विधान के साथ यज्ञ, हवन, पूर्णाहुति एवं महाआरती का आयोजन किया गया। शुभ मुहूर्त में आचार्यों के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच पूजा-अर्चना सम्पन्न हुई। अंत में महाआरती कर प्रसाद वितरण किया गया।

अष्टमी के पावन अवसर पर सुबह से ही श्रद्धालुओं का मंदिरों में पहुंचने का सिलसिला शुरू हो गया था। महामाया, शीतला, भद्रकाली, बमलेश्वरी और दुर्गा मंदिरों में दर्शन के लिए भक्तों की लंबी कतारें लगी रहीं। श्रद्धालुओं ने माता की विशेष पूजा-अर्चना कर सुख-समृद्धि की कामना की। कई श्रद्धालुओं द्वारा महाअष्टमी पर अठवाही चढ़ाई गई, वहीं माता के श्रृंगार हेतु नारियल , चुनरी और विभिन्न पूजन सामग्री अर्पित कर आशीर्वाद प्राप्त किया गया। दिनभर मंदिरों में वैदिक मंत्रों के उच्चारण के साथ विशेष अनुष्ठान चलते रहे। हवन-पूजन के बाद पूर्णाहुति दी गई और तत्पश्चात महाआरती कर वातावरण को भक्तिमय बना दिया गया। महाआरती के दौरान मंदिर परिसर "जय माता दी" के जयकारों से गूंज उठा। आरती के बाद प्रसाद वितरण का क्रम देर शाम तक जारी रहा। इस दौरान विभिन्न क्षेत्रों से आई जसगीत समिति, मंडलियों ने बाजे-गाजे के साथ भक्तिमय गीतों की प्रस्तुति दी, जिससे माहौल और भी श्रद्धामय हो गया। बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं की उपस्थित व जयकारे से पूरे दिन मंदिर परिसर गुलजार रहे।

■ जसगीतों से बना रहा भक्तिमय माहौल

### जोत जंवारा की भी पूजा-अर्चना

वहीं जिले के ग्रामीण क्षेत्रों और शहर के कई घरों में श्रद्धालुओं द्वारा स्थापित जोत-जवारा की भी विधिवत पूजा-अर्चना की गई। अष्टमी के दिन हवन-पूजन कर माता का आशीर्वाद लिया गया, जबकि इन जवारा का विसर्जन नवमी तिथि को किया जाएगा। चैत्र नवरात्रि की अष्टमी पर जिले भर में आस्था, भक्ति और उल्लास का अनूठा संगम देखने को मिला, जहां हर ओर श्रद्धा का वातावरण बना रहा।



### शीतला मंदिर मटिया में हवन पूजन, कन्या भोज भी कराया

**बेमेतरा।** नवरात्रि की अष्टमी पर गुरुवार को मटिया स्थित शीतला मंदिर में विधिविधान से हवन-पूजन हुआ। हवन के बाद भक्तों को प्रसाद का वितरण किया गया। साथ ही कन्याभोज भी कराया गया। नवरात्र के आठवें दिन देवी स्थलों पर माता की विशेष आरती हुई। शुभ मुहूर्त में हवन-पूजन का कार्यक्रम प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही कोसपातर-बारगांव में भी विधि-विधान से पूजा-अर्चना के बाद माता के नौ रूपों को नौ प्रतीक स्वरूप भोग लगाने के उद्देश्य से नौ कन्या भोज का आयोजन हुआ। सुबह से लेकर देर शाम तक मंदिरों में श्रद्धालुओं का आना- जाना लगा रहा। पंडित बोसेन्द्र पांडेय ने बताया कि अष्टमी और नवमी के दिन कन्या पूजन का विशेष महत्व माना गया है। कन्या पूजन को नवरात्रि की सबसे महत्वपूर्ण विधियों में से एक माना जाता है, जिससे माता रानी अत्यंत प्रसन्न होती हैं और भक्तों को आशीर्वाद देती हैं। अष्टमी पर पूर्णाहूति होने के बाद नौ कन्या भोज कराया गया। नौ कन्या भोज के लिए मंदिरों व घरों के आसपास छोटे बच्चों की पूछ परख बढ़ गई। कई लोगों को छोटी बच्चियों को भोजन कराने के लिए ढूंढते हुए मशक्कत करनी पड़ी। सभी बच्चों को खीर, पूड़ी, हलवा के साथ भोजन कराया गया। पश्चात सबको श्रृंगार सामग्री चूड़ी, माला, बिंदी, नेलपालिश, रूमाल, पर्स इत्यादि के साथ पैसे व श्रीफल भी दिए गए।





### 108 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से विशेष हवन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा/बेरला

ग्राम हसदा में विराजित स्वयंभू आदिशक्ति मां महामाया मंदिर में चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर महाअष्टमी का पर्व अत्यंत श्रद्धा और उल्लास के साथ मनाया गया। मंदिर परिसर में आयोजित श्री शतचंडी महायज्ञ में दूर-दराज से पहुंचे श्रद्धालुओं की भारी भीड़ उमड़ी। नवरात्रि के प्रारंभ से ही वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ज्योतिषाचार्य तरुण शास्त्री के नेतृत्व में वृंदावन व काशी से आए 9 विद्वान आचार्यों द्वारा महायज्ञ संपन्न कराया जा रहा है। महाअष्टमी के अवसर पर क्षेत्र की सुख-समृद्धि और खुशहाली की कामना से 108 आयुर्वेदिक जड़ी-बूटियों से विशेष हवन किया गया, जिसमें हजारों श्रद्धालुओं ने सहभागिता निभाई। समिति सचिव दिनेश कुमार वर्मा ने बताया कि मंदिर परिसर में 210 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्ज्वलित किए गए हैं, श्रद्धालुओं की आस्था के प्रतीक हैं। छत्तीसगढ़ सहित अन्य राज्यों से भी बड़ी संख्या में भक्त माता के दर्शन और यज्ञ परिक्रमा के लिए पहुंच रहे हैं। प्रतिदिन मां महामाया का दिव्य श्रृंगार किया जा रहा है। गंगा आरती की तर्ज पर संध्या आरती का भव्य आयोजन होता है, जिसमें स्थानीय जनप्रतिनिधियों सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल होते हैं। साथ ही प्रतिदिन संगीतमय भजन-कीर्तन से पूरा वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।

**आज शोभायात्रा व भंडारा-** नवमी तिथि पर महाभोग भंडारा, नवकन्या पूजन तथा मां महामाया की भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी। शोभायात्रा मां सरोवर तक जाएगी। इस आयोजन को लेकर ग्रामीणों में खासा उत्साह देखा जा रहा है।

---



## राम कथा में शामिल हुए विधायक साहू

हरिभूमि न्यूज ▶▶ थान खम्हरिया

समीप ग्राम वीरनपुर स्थित शक्तिपीठ मां दुर्गा मंदिर परिसर में तीन दिवसीय राम कथा का आयोजन किया गया। कथा वाचिका गिरिजा तिवारी 'कुसुमकता' (डोंडीलोहारा) द्वारा भगवान श्रीराम के चरित्र का भावपूर्ण वर्णन किया गया। उन्होंने बताया कि भगवान श्रीराम बचपन से ही शांत स्वभाव के वीर पुरुष थे। उन्होंने सदैव मर्यादाओं को सर्वोच्च स्थान दिया, इसी कारण उन्हें मर्यादा पुरुषोत्तम राम के नाम से जाना जाता है। श्रीराम त्याग, सत्य, न्याय और धर्म के साक्षात प्रतीक हैं। वे भगवान विष्णु के सातवें अवतार हैं, जो एक आदर्श पुत्र, भाई, पति और राजा के रूप में स्थापित हैं। उनके चरित्र में धैर्य, साहस और करुणा जैसे सर्वोच्च मानवीय गुण कूट-कूट कर भरे हुए हैं, जो उन्हें युगों-युगों तक अनुकरणीय बनाते हैं। इस मौके पर विधायक ईश्वर साहू ने शक्तिपीठ मंदिर पहुंचकर श्रीफल चढ़ाकर एवं धूप-बत्ती जलाकर पूजा-अर्चना की। उन्होंने कहा कि नवरात्रि के पावन अवसर पर धर्म, भक्ति और संस्कारों से शेष पेज 14 पर

## केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया का जोरदार स्वागत

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

राजधानी रायपुर में देश के पहले "खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल" के शुभारंभ अवसर पर केंद्रीय खेल एवं युवा मामले मंत्री डॉ. मनसुख मांडविया का आगमन हुआ। एयरपोर्ट पर भाजपा किसान नेता योगेश तिवारी ने अपने समर्थकों के साथ उनका आत्मीय एवं भव्य स्वागत किए । इसके पश्चात साइंस कॉलेज मैदान, रायपुर में आयोजित उद्घाटन समारोह में मुख्यमंत्री विष्णु देव साय एवं केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने पारंपरिक विधि-विधान के साथ खेल महोत्सव का शुभारंभ किया। कार्यक्रम में छत्तीसगढ़ की समृद्ध जनजातीय संस्कृति, लोक कला और रंगारंग प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। श्री तिवारी ने बताया कि इस दौरान अपने संबोधन में केंद्रीय मंत्री डॉ. मांडविया ने घोषणा की कि "खेलो इंडिया राष्ट्रीय जनजातीय खेल" का आयोजन अब प्रतिवर्ष छत्तीसगढ़ में किया जाएगा। उन्होंने खिलाड़ियों के लिए बेहतर सुविधाएं, प्रशिक्षण और संसाधन उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया, ताकि वे राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय स्तर पर उत्कृष्ट प्रदर्शन कर सकें। इस अवसर पर योगेश तिवारी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश में खेलों को बढ़ावा देने के लिए ऐतिहासिक प्रयास किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा कि इस प्रकार के आयोजन जनजातीय और ग्रामीण क्षेत्रों की प्रतिभाओं को मुख्यधारा से जोड़ने का सशक्त माध्यम बनेंगे। छत्तीसगढ़ की धरती प्रतिभाओं से परिपूर्ण है और यह मंच उन्हें निखारने का अवसर देगा। कार्यक्रम में उप मुख्यमंत्री अरुण साव, मंत्री रामविचार नेताम, गजेंद्र यादव, राजेश अग्रवाल, सांसद लक्ष्मी वर्मा, पूर्व अंतरराष्ट्रीय हॉकी खिलाड़ी दिलीप तिर्की, वेटलिफ्टिंग खिलाड़ी मीराबाई चानू सहित कई जनप्रतिनिधि, खिलाड़ी और बड़ी संख्या में नागरिक उपस्थित रहे। पूरे आयोजन के दौरान उत्साह, ऊर्जा और गौरव का माहौल देखने को मिला। यह आयोजन न केवल खेल प्रतिभाओं को मंच देने का माध्यम बना, बल्कि छत्तीसगढ़ की सांस्कृतिक पहचान को राष्ट्रीय स्तर पर स्थापित करने की दिशा में भी एक महत्वपूर्ण कदम साबित हुआ।



प्रतिभाओं को मिलेगा मंच

---

**प्रशासन की अनदेखी से बंद पड़ी सुविधा**

# शो-पीस बना लाखों का वाटर एटीएम, प्यासे राहगीर-बोतलबंद पानी खरीदने को मजबूर

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

शहर में आमजनों को शुद्ध और ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये की लागत से स्थापित वाटर एटीएम अब अपनी बदहाली पर आंसू बहा रहा है। स्थानीय प्रशासन द्वारा माता भद्रकाली मंदिर के सामने बाजारपारा में लगाया गया यह वाटर एटीएम पिछले कई वर्षों से बंद पड़ा है और वर्तमान में ताले में जकड़ा हुआ है। देखरेख के अभाव में यह सुविधा अब केवल शो-पीस बनकर रह गई है, जबकि दूसरी ओर राहगीरों को पीने के पानी के लिए दर-दर भटकना पड़ रहा है। गौरतलब है कि बाजारपारा शहर का प्रमुख और व्यस्ततम क्षेत्र है, जहां प्रतिदिन हजारों की संख्या में लोग आते-जाते हैं। भीषण गर्मी के दिनों में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है, जब महिलाओं, बच्चों और बुजुर्गों को पीने के पानी के लिए काफी मशक्कत करनी पड़ती है। बावजूद इसके, जिम्मेदार विभाग की ओर से इस दिशा में कोई ठोस पहल नजर नहीं आ रही है।





**तकनीकी खराबी के बाद नहीं हुई मरम्मत-** स्थानीय लोगों के अनुसार, वाटर एटीएम की शुरुआत में कुछ समय तक लोगों को इसका लाभ मिला, लेकिन तकनीकी खराबी आने के बाद इसे सुधारने की कोई कोशिश नहीं की गई। धीरे-धीरे मशीन के पुर्जे खराब होते गए और अंततः इसे बंद कर ताला लगा दिया गया। इससे यह साफ जाहिर होता है कि प्रशासन ने सुविधा तो उपलब्ध कराई, लेकिन उसके रखरखाव को लेकर गंभीरता नहीं दिखाई।

**कन्या स्कूल के सामने भी बेकार हो गया सिस्टम-** इसी तरह शहर के कन्या स्कूल के सामने भी लगाया गया था एक अन्य वाटर एटीएम भी बदहाल स्थिति में है रहा जो पिछले वर्ष तेज आंधी-तूफान में वह पूरी तरह क्षतिग्रस्त होकर जमीन पर गिर गया था। इसके बाद से उसे दोबारा स्थापित करने की दिशा में कोई पहल नहीं की गई, जिससे सरकारी संसाधनों की बर्बादी साफ झलकती है।

**पानी के लिए जेब ढीली करने को मजबूर लोग-** वाटर एटीएम शेष पेज 14 पर

## 28 एकड़ में लगी गेहूं की फसल जलकर राख

**तीन आदिवासी किसानों को हुआ भारी नुकसान**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ बेमेतरा

जिला मुख्यालय से लगभग 8 किलोमीटर दूर स्थित ग्राम गांगपुर में गुरुवार दोपहर एक बड़ी आगजनी की घटना ने तीन आदिवासी किसानों की सालभर की मेहनत को पल भर में राख कर दिया। आग लगने से करीब 8 एकड़ में लगी पकी हुई गेहूं की फसल पूरी तरह जलकर नष्ट हो गई, जिससे किसानों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ा है। मिली जानकारी के अनुसार ग्राम गांगपुर के किसान कोमल ध्रुव, नीरू ध्रुव और अमला बाई के खेत आपस में लगे हुए हैं। इनमें कोमल ध्रुव का लगभग 4 एकड़ तथा नीरू ध्रुव और अमला बाई की संयुक्त रूप से शेष भूमि में गेहूं की फसल तैयार खड़ी थी। फसल पूरी तरह पककर कटाई के लिए तैयार थी। ऐसे में आग लगते ही सूखी फसल ने तेजी से आग पकड़ ली और देखते ही देखते लपटों ने पूरे खेत को अपनी चपेट में ले लिया। घटना के समय आसपास के खेतों में हार्वेस्टर के माध्यम से गेहूं की कटाई चल रही थी। आग की लपटें उठती देख मौके पर मौजूद हार्वेस्टर चालक एवं ग्रामीणों ने तत्काल गांव में सूचना दी। इसके बाद बड़ी संख्या में ग्रामीण मौके पर पहुंचे और आग बुझाने की भरसक कोशिश करते रहे। सूचना मिलते ही शेष पेज 14 पर

■ कटाई से पहले ही आग की भेंट चढ़ी मेहनत

## खबर संक्षेप

### समतलीकरण के लिए 7.61 लाख रुपए स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत प्रदत्त अधिकारों का उपयोग करते हुए अहिवारा विधानसभा क्षेत्र में जनहित के कार्यों के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। विधानसभा अहिवारा विधायक डोमनलाल कोर्सेवाड़ा द्वारा अनुशंसित इन कार्यों के लिए कुल 7 लाख 61 हजार रूपए की राशि मंजूर की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकास खण्ड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत पाहंदा में महत्वपूर्ण बुनियादी कार्य कराए जाएंगे। इसके तहत स्कूल, ग्राम पंचायत भवन एवं सामुदायिक भवन के मैदान का समतलीकरण एवं मुरमीकरण कार्य किया जाएगा। स्वीकृत कार्यों का संपादन क्रियान्वयन एजेंसी मुख्य कार्यपालन अधिकारी, जनपद पंचायत धमधा द्वारा किया जाएगा।

### सेमरिया में अहाता निर्माण के लिए 6 लाख स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विधानसभा क्षेत्र साजा में विकास कार्य के लिए प्रशासकीय स्वीकृति प्रदान की है। साजा विधानसभा क्षेत्र विधायक ईश्वर साहू द्वारा अनुशंसित इस कार्य के लिए 6 लाख रूपए की राशि स्वीकृत की गई है। जिला योजना एवं सांख्यिकी कार्यालय से प्राप्त जानकारी के अनुसार, स्वीकृत राशि से विकासखंड धमधा के अंतर्गत ग्राम पंचायत सेमरिया में सेन भवन के पास अहाता निर्माण का कार्य कराया जाएगा।

### 16 लाख रुपए की आर्थिक सहायता स्वीकृत

दुर्ग। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने विभिन्न दुर्घटनाओं में असमय मृत्यु का शिकार हुए व्यक्तियों के परिजनों के लिए कुल 16 लाख रूपए की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है । प्राप्त जानकारी के अनुसार, अनुभाग दुर्ग के अंतर्गत ग्राम मतवारी निवासी पप्पू लाल चौधरी की 7 फरवरी 2025 को शिवनाथ नदी के महमरा एनीकेट में नहाते समय डूबने से , भिलाई-03 अनुभाग के ग्राम लिमतरा निवासी जगतराम यादव की 27 सितम्बर 2021 को गांव के डबरी तालाब में डूबने से मृत्यु हो गई थी।

# 40 ओपन डंपिंग ग्राउंड का कायाकल्प, लोगों को मिल रहा स्वस्थ वातावरण

## रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा की पहल से संभव हो पाया काम

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

रिसाली निगम के ओपन डंपिग ग्राउंड की तस्वीर बदलने लगी है। इस निगम क्षेत्र के अंतर्गत 40 ओपन डंपिंग ग्राउंड का कायाकल्प हो रहा है। इसमें से 31 स्थान कायाकल्प होने से सुंदर स्थान के रूप में परिवर्तित चुका है। कभी कचरे का ढ़ेर और बदबूयुक्त वातावरण इस जगह पर थी लेकिन आज यहां की आबो-हवा ही बदल गई है। यही नहीं साफ सुथरी सड़क, व्यवस्थित कचरा निष्पादन और स्वच्छ-सुंदर वातावरण रिसाली निगम की पहचान बनती जा रही है। नगर पालिक निगम रिसाली की आयुक्त मोनिका वर्मा ने कुछ इसी तरह रिसाली निगम की तस्वीर बदलने का कार्य की है। उन्होंने नागरिकों की प्राथमिकता पर न केवल कार्य योजना तैयार की, बल्कि उसे धरातल पर मूर्तरूप देने में सफल भी हुई । यही वजह है कि रोजाना घरों और बाजार से निकलने वाले 44 टन कचरा का निष्पादन सफलतापूर्वक किया जा रहा है।







### स्वच्छता का संकल्प हो रहा साकार

केन्द्र और राज्य सरकार ने भी स्वच्छता को पहले पायदान पर रखा है। इसे मद्देनजर रखते हुए रिसाली निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने नागरिकों की सेहत और स्थानीय लोगों को स्वच्छ वातावरण देने में जुट गईं। पदभार ग्रहण करते ही उन्होने संकल्प लिया। यह संकल्प अब साकार रूप ले चुका है। उन्होंने एस.एल.आर.एम. सेंटरों (कचरा पृथक्करण केन्द्र) को पहले प्राथमिकता दी और इसे व्यवस्थित करने में । उसे अत्याधुनिक कर आस-पास क्षेत्र में फैलने वाले दुर्गन्ध को खत्म कर नागरिकों को स्वच्छ वातावरण का एहसास कराया। अब स्थिति ऐसी है कि घरों से निकलने वाला कचरा न केवल एस.एल.आर.एम. में पूर्ण रूप से निष्पादन हो रहा है, बल्कि आस-पास का क्षेत्र भी स्वच्छ हो गया है।

### 80 प्रतिशत सूखा-गीला कचरा अलग-अलग

निगम आयुक्त मोनिका वर्मा ने मार्च 2024 में वे नगर पालिक निगम रिसाली में पदभार ग्रहण की। तब कचरे का पृथक्करण केन्द्र केवल नाम का था। मॉर्निंग विजिट करने से खुलासा हुआ कि डोर-टू-डोर कचरा कलेक्शन तो हो रहा है, लेकिन गीला सूखा कचरा अलग-अलग करने में लोग रूचि नहीं दिखा रहे है। इसके बाद वार्ड वासियों में जागरूकता लाने 300 से ज्यादा कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई और गीला-सूखा कचरा अलग-अलग करने अभियान चलाया। परिणाम बेहद संतोषजनक आया। वर्तमान में केवल स्लम क्षेत्र से 20 प्रतिशत लोग ही मिक्स कचरा दे रहे है यानी टार्गेट अब केवल 20 प्रतिशत ही रह गया है।

### 44 टन कचरा हर रोज पहुंच रहा

रिसाली निगम क्षेत्र में 40 वार्ड है। इसमें 7 वार्ड टाउनशिप के शामिल है। टाउनशिप को छोड़कर 98 हजार की आबादी वाले क्षेत्र से घरों से निकलने वाला 44 टन कचरा एस.एल.आर.एम. सेंटर तक पहुंच रहा है। जहां कचरा को अलग-अलग कर विनिष्टीकरण कार्य किया जा रहा है। निकाय के 7 एस.एल.आर.एम. सेंटर को इस कार्य के लिए अत्याधुनिक बनाने निरंतर प्रयास भी किया जा रहा है। वर्तमान में ऐसे अपशिष्ट को फेंकने के बजाए फारनेस के माध्यम से नष्ट किया जा रहा जो खुले में फेंकने से अपराध की श्रेणी में आता है।

### प्रतिस्पर्धा से बढ़ी जिम्मेदारी



निकाय क्षेत्र में कुल 7 रूआबांधा, मैत्रीकुंज, टंकी मरोदा, लक्ष्मी नगर, नेवई, डुण्डेरा और पुरैना के वार्ड में एस.एल.आर.एम. सेंटर बनाया गया है। यहां हर साल प्रतिस्पर्धा आयोजित की जाती है। शत-प्रतिशत कचरा निष्पादन करने पर सुपरवाइजर और सहयोगी स्वच्छता मित्र को पुरस्कृत किया जाता है। 26 जनवरी 2026 को मूल्यांकन कर टंकी मरोदा एसएलआरएम को सर्वश्रेष्ठ एसएलआरएम घोषित किया है।
**-मोनिका वर्मा,** आयुक्त नगर निगम रिसाली

# बकाया न पटाने पर हटरी बाजार के व्यापारी की दुकान की गई सील

दुर्ग। नगर पालिक निगम सीमा क्षेत्र अंतर्गत लंबे समय से बकाया राशि नहीं जमा करने वाले दुकानदारों पर निगम ने कार्रवाई की। इंदिरा मार्केट स्थित हटरी बाजार में महाराज रेडिमेट दुकान संचालक पार्वती पंडो एवं नारायण पंडो ने दुकान का करीब 1.77 लाख रुपए बकाया जमा नहीं किया था। दुकान संचालक को पूर्व में नोटिस जारी कर बकाया राशि जमा करने हेतु निर्देशित किया गया, किन्तु संचालक द्वारा न तो नोटिस का कोई जवाब दिया गया और न ही बकाया राशि का भुगतान किया गया।लगातार अनदेखी के चलते निगम प्रशासन ने सख्त रुख अपनाया। राजस्व विभाग, बाजार विभाग एवं लाइसेंस विभाग की संयुक्त टीम ने मौके पर पहुंचकर इंदिरा मार्केट हटरी बाजार स्थित उक्त महाराज रेडिमेट दुकान को सील करने की कार्रवाई की गई। आयुक्त सुमित अग्रवाल ने कहा कि दुकानदारों को बार-बार नोटिस जारी किया जा रहा है। बावजूद बकाया राशि जमा नहीं की जा रही है। ऐसे दुकानदारों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। कार्रवाई के दौरान सहायक राजस्व अधिकारी थानसिंग यादव, चंदन मनहरे, राम खिलावन शर्मा, पवन नायक सहित अन्य मौजूद थे।

## परगनिहा के निधन पर अर्पित की गई श्रद्धांजलि

भिलाई। बाकलीवाल भवन सेक्टर 6 में समाजसेवी सोमलाल परगनिहा की धर्मपत्नी और भिलाई इस्पात संयंत्र में जीएम एसएमएस 3 में कार्यरत यूएस परगनिहा की भाभी समाज सेविका लक्ष्मी परगनिहा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया।

भिलाई इस्पात संयंत्र अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति निःशक्त महिला और अन्य पिछड़ा वर्ग एसोसिएशन के चेयरमैन आरडी कोरी ने पहुंचकर परिवारजनों से भेंटकर गहरा दुःख जताया। आरडी कोरी ने कहा कि लक्ष्मी परगनिहा द्वारा सामाजिक और राजनीतिक सहयोग को कभी भुलाया नहीं जा सकता है। इस दौरान बलदाऊ प्रसाद चंद्राकर, आरसी भोंसले, सतीशचंद सोनकर, अविनाश राणे, जेके परगनिहा, आरपी सिंहा, केएल वर्मा, जय प्रकाश परगनिहा समेत समाज के सैकड़ों लोग उपस्थित थे।

# भारतमाला में हनोदा-बोरसी के पास बोगदा पुल की हाईट कम, शिकायत

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नशाखोरी को लेकर कलेक्टर से शिकायत

जिला कार्यालय के सभाकक्ष में एडीएम विरेन्द्र सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने जनदर्शन में पहुंचे सभी लोगों की समस्याओं को गंभीरता से सुना और समुचित समाधान एवं निराकरण करने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर आवश्यक पहल करने को कहा। जनदर्शन में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, सीसी रोड निर्माण, ऋण पुस्तिका सुधार, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों एवं समस्याओं से संबंधित 128 आवेदन प्राप्त हुए।

इसी कड़ी में ग्राम पंचायत कानाकोट सरपंच व ग्रामवासियों ने पानी टंकी पानी प्रदान करने आवेदन दिया। ग्रामवासियों ने बताया कि गांव में पानी टंकी का निर्माण किया गया है और हर घर तक पानी पहुंचाने की योजना है, लेकिन वर्तमान में केवल कुछ ही घरों को इसका लाभ मिल पा रहा है। कई स्थानों पर पाइपलाइन क्षतिग्रस्त होने के कारण पानी सप्लाई बाधित है। गर्मी के मौसम को देखते हुए पानी की समस्या और गंभीर हो गई है। इस पर एडीएमविरेन्द्र सिंह ने पीएचई को जांच कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।



### दशहरा मैदान के आसपास संदिग्ध गतिविधियां, शिकायत

वार्ड-14 पार्षद द्वारा शांति नगर क्षेत्र के दशहरा मैदान व शासकीय विद्यालय के सामने अवैध ठेले-खोमचे और नशीली गतिविधियों को लेकर शिकायत की। उन्होंने बताया कि इन ठेलों के माध्यम से नशीले पदार्थों की बिक्री हो रही है, जिससे शासकीय विद्यालय में अध्ययनरत स्कूली बच्चों और क्षेत्रवासियों पर बुरा प्रभाव पड़ रहा है। यह सामाजिक दृष्टि से अत्यंत गंभीर है। इस पर एडीएम ने नगर निगम भिलाई को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा। हनोदा सरपंच ने भारत माता परियोजना के तहत हनोदा-बोरसी मुख्य मार्ग में बोगदा पुल की ऊंचाई बढ़ाने की मांग की। ग्राम हनोदा में भारत माला परियोजना के तहत हनोदा-बोरसी मुख्य मार्ग में बन रहे गोबदा पुल की वर्तमान ऊंचाई 4 मीटर है। इससे फसल कटाई, हार्वेस्टर और सरकारी चावल की गाड़ियों के आवागमन में दिक्कत होगी। उन्होंने पुल की ऊँचाई 6 मीटर करने की मांग की।

# मंत्री गजेन्द्र यादव ने यात्री बस में सफर कर आमजनों से किया संवाद

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग



प्रदेश के शिक्षा मंत्री गजेन्द्र यादव ने बुधवार को सादगी और जनसेवा का एक प्रेरणादायक उदाहरण प्रस्तुत करते हुए आम नागरिकों की तरह यात्री बस में सफर किया। वे धमधा से दुर्ग बस स्टैंड तक बिना किसी प्रोटोकॉल के एक सामान्य यात्री की तरह बस में बैठे और सहयात्रियों के साथ सहजता से संवाद किया। बस में केबिनेट मंत्री की मौजूदगी देखकर यात्रियों में पहले तो आश्चर्य हुआ, लेकिन उनकी सरलता और अपनापन देखकर सभी ने उनसे बातचीत किये।

बस यात्रा के दौरान कई यात्रियों ने शिक्षा मंत्री के साथ सेल्फी ली और उनसे बेझिझक बातचीत किये। मंत्री ने भी बिना किसी औपचारिकता के सभी यात्रियों से संवाद करते हुए उनकी समस्याओं, सुझावों को ध्यानपूर्वक सुने। गजेंद्र यादव ने बताया कि वे पारिवारिक कार्य से पथरिया गए हुए थे। वापसी के दौरान बेमेतरा से दुर्ग तक अनमोल ट्रेवल्स की सवारी बस में यात्रा करने का अवसर मिला। उन्होंने कहा कि इस प्रकार की यात्रा से आमजन के बीच जाकर उनकी वास्तविक समस्याओं और जरूरतों को समझने का अवसर मिलता है, जो किसी भी जनप्रतिनिधि के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। उन्होंने शिक्षकों से शिक्षा व्यवस्था को लेकर विस्तार से चर्चा की। मंत्री ने सुझावों को गंभीरता से लेते हुए कहा कि शासन स्तर पर इन बिंदुओं पर सकारात्मक पहल करने का आश्वासन दिए। इसके साथ ही ग्रामीण यात्रियों से बातचीत करते हुए खेती-किसानी, फसल उत्पादन, सिंचाई, समर्थन मूल्य, तथा सरकार द्वारा संचालित विभिन्न योजनाओं के लाभ को लेकर भी चर्चा की।

# भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा मंडल अध्यक्ष व महामंत्रियों की घोषणा

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- जिला प्रभारी नंदन जैन कि सहमति से हुई नियुक्ति

भाजपा पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला अध्यक्ष तेखन सिन्हा ने पिछड़ा वर्ग मोर्चा के जिला मंत्री ताम्रध्वज साहू, मंडलों के अध्यक्ष एवं महामंत्रियों की घोषणा कर दी है।

सदर गौरव पथ से अध्यक्ष सुरेश साहू, महामंत्री चंद्रकांत साहू, पुरुषोत्तम मटियारा, चंडी शीतला मंडल से अध्यक्ष विकास सेन, महामंत्री अनिल कुमार साहू, मोनिका ताम्रकार, सिकोला भाटा पटरी पार से अध्यक्ष चंद्रशेखर यादव, महामंत्री कार्तिक सिन्हा, मनीष देवांगन, पंडित दीनदयाल उपाध्याय मध्य मंडल से अध्यक्ष पुष्पेंद्र वर्मा, महामंत्री प्रदीप साहू, हरि देवांगन, कसारीडीह बोरसी मंडल से अध्यक्ष सुरेंद्र साहू, महामंत्री अमर यादव, पवन चक्रधारी, उतई मंडल अध्यक्ष घनश्याम चंद्राकर, महामंत्री पुरुषोत्तम साहू, भूषण वर्मा, रिसाली मंडल अध्यक्ष विक्की सोनी, महामंत्री जागेश्वर प्रसाद निर्मलकर, बलराम यादव, मरोदा पुरैना मंडल अध्यक्ष रानू धनकर ,महामंत्री दिलीप सोनी, मुकेश यादव, अंडा निकुम मंडल अध्यक्ष पारख चंद साहू, महामंत्री मोरध्वज यादव, राजेश देवांगन, अंजोरा मंडल अध्यक्ष पुरुषोत्तम साहू, महामंत्री राजेश्वर यादव, अश्वनी साहू, धमधा मंडल अध्यक्ष हर्ष साहू, महामंत्री आत्माराम यादव, स्वरूप नारायण ताम्रकार, लिटिया बोरी मंडल अध्यक्ष संजय कश्यप, महामंत्री हरिशंकर यादव, दिनेश साहू, अमलेश्वर मंडल अध्यक्ष ओम प्रकाश साहू, महामंत्री लवकुश चंद्राकर, कुंज बिहारी साहू, पाटन मंडल अध्यक्ष भोजराम यादव, महामंत्री चिरंजीव देवांगन, रवि साहू, जामगांव आर मंडल अध्यक्ष कौशल गंजीर, महामंत्री सुभाष यादव, चंद्रकांत साहू, दरबार मोखली मंडल अध्यक्ष धनीराम वर्मा, महामंत्री वासु वर्मा, मुन्ना पाल कुम्हारी मंडल अध्यक्ष उमेश साहू, महामंत्री हरीश सोनी, नारायण यादव है। प्रदेश अध्यक्ष किरण सिंह देव, संगठन महामंत्री पवन साय, मोर्चा के प्रदेश अध्यक्ष अशोक साहू, संभाग प्रभारी जगन्नाथ पाणिग्रही, जिला प्रभारी नंदन जैन कि सहमति से यह नियुक्ति की गई है। भाजपा जिला अध्यक्ष सुरेंद्र कौशिक ने कहा पार्टी हमेशा से समाज के हर वर्ग को साथ लेकर चलने वाली पार्टी रही है। पिछड़ा वर्ग मोर्चा समाज के उस वर्ग का प्रतिनिधित्व करता है, जिसने अपने परिश्रम, संघर्ष और प्रतिभा से देश की प्रगति में महत्वपूर्ण योगदान दिया है।

# आप ने की दिव्यांग मित्र विभाग बनाने की मांग ताकि टोल फ्री नंबर से मिले घर पहुंच सेवा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भिलाई

- कलेक्टर सौंपा ज्ञापन बदलाव की कही बात

भिलाई नगर निगम में दिव्यांगजन के लिए अलग दिव्यांग मित्र विभाग बनाने की मांग उठी है। आम आदमी पार्टी के नेता जसप्रीत सिंह ने कलेक्टर को ज्ञापन सौंपकर निगम की कार्यप्रणाली में बदलाव की बात कही है।

जसप्रीत सिंह का कहना है कि दिव्यांगजनों को सरकारी दफ्तरों के चक्कर लगवाने के बजाय प्रशासन को उनकी सुविधा के लिए घर तक सेवाएं पहुंचानी चाहिए। उन्होंने मांग की है कि नगर निगम के अंतर्गत एक स्वतंत्र दिव्यांग मित्र विभाग बनाया जाए, जो केवल दिव्यांगजनों की समस्याओं के समाधान के लिए जिम्मेदार हो। इसके साथ ही एक टोल फ्री नंबर जारी किया जाए, जिस पर कॉल करते ही दिव्यांगजनों को राशन कार्ड, पेंशन और ट्राई-साइकिल जैसी सुविधाएं घर पर ही उपलब्ध कराई जाएं। उन्होंने यह भी सुझाव दिया कि सर्वे और अन्य दस्तावेजी प्रक्रियाओं के लिए अधिकारी स्वयं दिव्यांगों के घर जाकर काम पूरा करें, ताकि उन्हें निगम कार्यालय तक न आना पड़े। प्रेस से चर्चा के दौरान जसप्रीत सिंह ने प्रशासन पर संवेदनहीनता का आरोप भी लगाया। उन्होंने बताया कि हाल ही में जोन-3 कार्यालय में एक 80 प्रतिशत दिव्यांग व्यक्ति बनवारी मेश्राम को अपनी पेंशन के लिए पुरानी सर्वे सूची खुद खोजने के लिए कहा गया, जबकि जिम्मेदार अधिकारी ध्यान नहीं दे रहे थे। इस संबंध में ज्ञापन मुख्यमंत्री सचिवालय और नगर निगम आयुक्त को भी भेजा गया है। ज्ञापन सौंपने के दौरान मेहरबान सिंह, धर्मेंद्र चौधरी, अविनाश, रऊफ अंसारी, हचरण सिंह, अमजद अली सहित कई कार्यकर्ता मौजूद थे।



## पेज 13 के शेष...

### राम कथा में...

ओत-प्रोत वातावरण ने श्रद्धालुओं एवं ग्रामवासियों को आध्यात्मिक ऊर्जा से अभिभूत कर दिया है। राम कथा के माध्यम से समाज में नैतिक मूल्य, आदर्श जीवन शैली और आपसी सद्भाव का संदेश प्रसारित हो रहा है, जो निश्चित रूप से जनमानस के लिए प्रेरणादायक है। इस अवसर पर भुवन लाल साहू, सीताराम साहू, नारायण साहू, लोक राम साहू (जनभागीदारी महाविद्यालय अध्यक्ष), अनिल सिंघानिया, नरेश चंद्रवंशी (प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य), लीलाराम यादव, मीनाराम विश्वकर्मा, बसंत लाल साहू, मंदिर पुजारी दिनेश चौबे सहित सैकड़ों श्रद्धालु उपस्थित रहे।

### अवैध शराब पर पुलिस

प्रमोद देवांगन (28 वर्ष), निवासी थाना परपोडी,दीपक लहरे (40 वर्ष), निवासी पथर्रा थाना बेमेतरा,रामेश्वर वर्मा (35 वर्ष), निवासी खैरा थाना नांदघाट,अजीत वर्मा (30 वर्ष) निवासी बैजी थाना बेमेतरा । पुलिस द्वारा कुल 8 प्रकरण दर्ज कर सभी आरोपियों के खिलाफ आबकारी एक्ट के तहत कार्रवाई की गई है। साथ ही, जिले में अवैध शराब के खिलाफ लगातार अभियान जारी रखने की बात कही गई है।

### शो-पीस बना...

और सार्वजनिक नलों के बंद होने के कारण राहगीरों और ग्रामीण क्षेत्रों से आने वाले लोगों के सामने पेयजल का संकट खड़ा हो गया है। मजबूरी में लोगों को दुकानों से 20 रुपये तक की बोतलबंद पानी खरीदना पड़ रहा है। गरीब और जरूरतमंद यात्रियों के लिए यह एक अतिरिक्त आर्थिक बोझ बन गया है, जबकि जो लोग पानी खरीदने में सक्षम नहीं हैं, उन्हें इधर-उधर भटकना पड़ता है।

**प्याऊ की व्यवस्था भी नदारद-** शहर में गर्मी के मद्देनजर प्याऊ जैसी पारंपरिक व्यवस्था भी लगभग खत्म हो चुकी है। इससे आमजनों की परेशानी और बढ़ गई है। नागरिकों का कहना है कि जब सरकार ने लाखों रुपये खर्च कर इस तरह की सुविधा उपलब्ध कराई थी, तो उसका नियमित संचालन और रखरखाव सुनिश्चित करना भी संबंधित विभाग की जिम्मेदारी है।

**जनता ने की शीघ्र सुधार की मांग-** स्थानीय नागरिकों और राहगीरों ने प्रशासन से मांग की है कि बंद पड़े वाटर एटीएम को जल्द से जल्द दुरुस्त कर चालू किया जाए, ताकि लोगों को राहत मिल सके। साथ ही शहर के प्रमुख स्थानों पर अतिरिक्त पेयजल सुविधाएं भी उपलब्ध कराने की मांग उठ रही है। बहरहाल वाटर एटीएम जैसी जनहितकारी योजना का इस तरह उपेक्षित होना न केवल प्रशासनिक लापरवाही को दर्शाता है, बल्कि आम जनता की बुनियादी जरूरतों के प्रति संवेदनहीनता भी उजागर करता है। अब देखना होगा कि प्रशासन इस ओर कब तक ध्यान देता है और प्यासे राहगीरों को राहत कब मिलती

### 28 एकड़ में...

फायर ब्रिगेड और पुलिस को भी सूचित किया गया। लेकिन जब तक दमकल की टीम मौके पर पहुंचती, तब तक लगभग पूरी 8 एकड़ की फसल जलकर राख हो चुकी थी। हालांकि फायर ब्रिगेड के समय पर पहुंचने से आसपास के अन्य खेतों में लगी फसल को आग की चपेट में आने से बचा लिया गया, जिससे एक बड़ी क्षति टल गई।

**पीड़ित किसानों को जल्द दिया जाए मुआवजा-** इस घटना से प्रभावित तीनों किसानों के सामने आर्थिक संकट खड़ा हो गया है। उनकी खून-पसीने की मेहनत से तैयार फसल एक झटके में नष्ट हो गई। आग लगने के कारणों का अब तक पता नहीं चल पाया है, जिससे ग्रामीणों में भी चिंता का माहौल बना हुआ है। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि पीड़ित किसानों को जल्द से जल्द मुआवजा प्रदान किया जाए, ताकि उन्हें इस भारी नुकसान से कुछ राहत मिल सके।

## नवजात को गहन चिकित्सा कक्ष में वेंटिलेटर सपोर्ट में रखा गया

# 50 दिनों की मशक्कत के बाद नवजात की बची जान

हरिभूमि न्यूज ⏭ दुर्ग

- नवजात रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से था पीड़ित

जिला अस्पताल में चिकित्सकों और नर्सिंग स्टाफ ने नवजात शिशु को नया जीवन प्रदान करने में अहम योगदान दिया। अंजोरा निवासी ममता पति शेखर जांगड़े को 4 फरवरी को समयपूर्व नवजात शिशु का जन्म हुआ, जिसका वजन जन्म के समय मात्र 900 ग्राम था। शिशु की हालत बेहद गंभीर थी और उसे सांस लेने में गंभीर परेशानी हो रही थी।

चिकित्सकीय जांच में नवजात को रेस्पिरेटरी डिस्ट्रेस सिंड्रोम से पीड़ति पाया गया। स्थिति को देखते हुए उसे तत्काल विशेष नवजात शिशु देखभाल इकाई में भर्ती कर वेंटिलेटर सपोर्ट पर रखा गया। नवजात शिशु देखभाल इकाई इंचार्ज पीडियाट्रिशियन डॉ. वाई. किरण कुमार के नेतृत्व में शिशु के फेफड़ों में सर्फेक्टेंट थेरेपी दी गई, जिसमें डीएनबी रेजिडेंट डॉ. हेमंत सिंह ने सहयोग किया। पीआरबीसीएस (रक्त) चढ़ाया गया, आईव्ही एंटीबायोटिक्स सहित अन्य जरूरी दवाएं दी गईं। साथ ही नियमित आरओपी स्क्रीनिंग, पोषण प्रबंधन और निरंतर मॉनिटरिंग की गई। लगभग 50 दिनों तक चले गहन उपचार के बाद शिशु की स्थिति में लगातार सुधार हुआ। वर्तमान में शिशु पूरी तरह स्वस्थ है और उसका वजन बढ़कर 1.8 किलोग्राम हो गया है। चिकित्सकों ने संतोष व्यक्त करते हुए शिशु को अस्पताल से छुट्टी दे दी है।



### जिला में नवजात शिशुओं को देखरेख में तेजी से हो रहा सुधार

जिला अस्पताल में नवजात शिशुओं के इलाज और देखरेख में पहले से ज्यादा सुधार देखने को मिल रहा है। शिशु रोग विभाग के प्रमुख डॉ. आरके मल्होत्रा, बाल रोग विशेषज्ञ डॉ. हेमंत कुमार साहू, डॉ. वाई किरण कुमार, नवजात शिशु देखभाल इकाई मेडिकल ऑफिसर डॉ. आशीष साहू, डॉ. पूजा, डॉ. आलोक सहित नर्सिंग स्टाफ और सहयोगी कर्मचारियों द्वारा नियमित रूप से मॉनीटरिंग की जा रही है। जिला अस्पताल के सिविल सर्जन डॉ. आशीषन मिन्ज ने इस उपलब्धि पर पूरी टीम को बधाई दी है।

### बाल विवाह पर निगरानी के लिए टीम गठित

दुर्ग। रामनवमी, अक्षय तृतीया के अवसर पर शहरी व ग्रामीण स्तर पर अधिकतर भ्रांतियों के चलते बाल विवाह संपन्न कराया जाता है। जिले में बाल विवाह को पूर्णरूप से प्रतिबंधित करने जिला प्रशासन द्वारा महिला एवं बाल विकास विभाग, पुलिस विभाग, पंचायत स्तरीय बाल संरक्षण समिति, चाइल्ड लाइन की संयुक्त टीम गठित की गई है। महिला एवं बाल विकास विभाग के जिला कार्यक्रम अधिकारी ने बताया कि बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम तहत 21 वर्ष से कम आयु के लड़के और 18 वर्ष से कम आयु की लड़की के विवाह को प्रतिबंधित करता है। 21 वर्ष से कम आयु का पुरूष यदि 18 वर्ष से कम आयु की किसी बालिका से विवाह करता है तो उसे 2 वर्ष तक के कठोर कारावास अथवा जुर्माना जो कि 01 लाख रुपए तक हो सकता है।

## खबर संक्षेप

### शादी में जा रहे दो लोगों की सड़क हादसे में मौत

**धमधा।** शादी में जा रहे दो लोगों की सड़क हादसे मौत हो गी। मामले में पुलिस ने बस चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। धमधा थाना प्रभारी रामनारायण ध्रुव ने बताया कि ग्राम गिरहोला नंदिनी निवासी हरिशचंद्र यादव,ग्राम खमतराई बेरला पीतांबर उर्फ भोले बरहापुर से शादी में शामिल शामिल होने जा रहे थे। तभी तेज रफ्तार लक्ष्मी ट्रेवल्स की बस ने जोरदार टक्कर मार दी। हादसे में हरिशचंद्र और पीतांबर की मौके पर ही मौत हो गई। हादसे की जांच में पुलिस जुटी हुई है। दोनों के शव को पुलिस ने पीएम के लिए भेज दिया है। घटना की जानकारी परिजनों को लगने पर रो-रोकर बुरा हाल है।

### चार सटोरियों पर पुलिस ने की कार्रवाई



**भिलाई।** चार सटोरियों को पुलिस ने पकड़ा है। भिलाई नगर पुलिस ने बताया कि सेक्टर-5 क्रॉस स्ट्रीट 4 के पास मंच के समीप अवैध रूप सट्टापट्टी लिखे जाने की शिकायत मिली। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर चार सटोरिया शांति नगर सुपेला, भिलाई निवासी संजय सेनापति, सेक्टर 5 संतोष कुमार चौहान, सेक्टर 4 दिनेश कुमार नेहरु नगर ईस्ट मनीष को पकड़ा गया। सटोरियों से पुलिस ने नगद, मोबाइल जब्त किया है। सामानों की कीमत 43 हजार रुपए आंकी गई है।

### तेज रफ्तार में चलाया कार, पुलिस ने चालक को किया गिरफ्तार

भिलाई। तेज रफ्तार और लापरवाही पूर्वक वाहन चलाने वाले के खिलाफ ट्रैफिक पुलिस ने कार्रवाई किया है। घटना भिलाई नगर थाना क्षेत्र की है। मिली जानकारी के मुताबिक सेक्टर 9 स्थित अस्पताल सी-3 ग्राउंड, सड़क 15 के पास कार चालक द्वारा वाहन को तेज, लापरवाही पूर्वक चलाते हुए खतरनाक ढंग से कट मारा। जिससे हादसा हो गया। शिकायत के बाद पुलिस ने जयंती नगर ददुर्ग निवासी वैभव सोनीको पकड़ा गया। उसकी कार सीजी 04 पीआर 8910 को भी जब्त किया गया है। ट्रैफिक पुलिस ने अपील किया है कि वाहन चलाते समय ट्रैफिक नियमों का पालन करें एवं तेज लापरवाहीपूर्वक वाहन न चलाएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ भी वैधानिक कार्रवाई की जाएगी।

## विश्व रंगमंच दिवस पर विशेष : नाटक में अलखनंदन, हबीब व सफदर हाशमी का दिखा था जादू

# जब ऐतिहासिक मेगा नाटक में दिखी औद्योगिक तीर्थ के सभी रंगकर्मियों की अभिनव अभिनय अदायगी

**भिलाई में हफ्तेभर में तैयार प्रेमचंद के मोटेराम का सत्याग्रह का नेहरु हाउस में तीस साल पूर्व हुआ था यादगार मंचन**

*अपनी फौलादी चमक से देश दुनिया को आलोकित करने वाले औद्योगिक तीर्थ के रंगमंच की भी देशभर में धूम रही है। भिलाई के कलाकार छालीवुड से लेकर बालीवुड तक अपनी कलात्मक प्रतिभा का जादू दिखा रहे हैं। यहां के रंगकर्मियों के नाटकों के प्रख्यात रंग निर्देशक अंजन श्रीवास्तव से लेकर बाबा कारंत तक मुरीद रहे हैं। लोगों को यह जानकर सुखद आश्चर्य हो सकता है कि आज से तीस साल पूर्व विश्व रंगमंच दिवस पर जुनूनी रंगकर्मियों द्वारा एक ऐसा ऐतिहासिक मेगा नाटक तैयार कर यादगार मंचन किया गया था, जो कई दृष्टि से ऐतिहासिक और अनूठा था। लेकिन पुरजोर फरमाईश के बाद भी प्रेक्षक इसे दोबारा देखने के लिए तरस गए। नाटक में अभिनय करने वाले ट्विनसिटी के कलाकारों के जेहन मे वर्षों बाद भी इसकी यादें तरोताजा हैं।*

विमल शंकर झा ▶▶| भिलाई

इस्पातनगरी में रंगमंच की फीकी पड़ती चमक के दौर में कलाकारों के समर्पण के साथ उनके कुछ जहीन नाटक सुनहरे अतीत की याद दिला रहे हैं। मध्यभारत में रंगकर्मियों व नाटकों की नर्सरी के रुप में प्रसिद्ध भिलाई में क्लासिक नाटकों के दौर में तैयार 90 के दशक में एक ऐसा प्रसिद्ध नाटक तैयार किया गया था,जो अपने पैगाम, मंचन और सांझी मशक्कत व सांझी विरासत के लिए सालों बाद आज भी प्रासंगिक है बल्कि रंग जगत में एक नजीर बना हुआ है। राजनीति और धर्म के गठजोड़ को उजागर करने वाले कथा सम्राट मुंशी प्रेमचंद रचित कहानी पर आधारित मोटेराम का सत्याग्रह नामक नाटक का नाट्य रुपांतरण सुप्रसिद्ध रंगकर्मी हबीब तनवीर और सफदर हाशमी ने किया था। ट्विनसिटी के रिकार्ड कलाकारों द्वारा बड़े बैनर पर तैयार इसके निर्माण की कहानी जितनी रोचक है,मंचन की दास्तां भी उतनी ही प्रेरक है। इप्टा के राष्ट्रीय सचिव राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि 90 के दशक में जब भिलाई का रंगमंच अपने पूरे शबाब पर था तो हम सभी रंगकर्मियों ने सोचा कि क्यों न वृहद स्तर पर कोई ऐसा यूनिक नाटक तैयार किया जाए, जो संदेशपरक होने के साथ शहर की सामूहिक रंगमंचीय प्रतिभा भी दिखाए। नेहरु सांस्कृतिक भवन में मार्च 1991 में आयोजित नाट्य कार्यशाला में मोटेराम का सत्याग्रह नाटक तैयार करने के लिए नामचीन रंगनिर्देशक अलखनंदन को भारत भवन भोपाल से बुलाया गया और भिलाई दुर्ग के कलाकारों के अथक जुनून से ऐसी प्रस्तुति तैयार हुई, जिसकी चर्चा भिलाई से भोपाल तक रही। विश्व रंगमंच दिवस पर इसका यादगार मंचन भी खचाखच भरे नेहरु हाउस मे किया गया था। नाटक कई माएने में यादगार था।

यह पहला नाटक था, जिसमें भिलाई के सभी नाट्य संस्थाओं के 50 से अधिक कलाकारों ने अपना सर्वोत्कृष्ट दियया था। चाय समोसा खाकर देर शाम तक जीवंत किरदार के लिए सभी ने खूब मेहनत की। इप्टा, बीकेपी,मुखौटा,रंगदर्शनी, दृष्टिकोण, क्षितिज रंग शिविर और अभियान सहित दर्जनभर नाट्य ग्रुपों के वरिष्ठ व युवा रंगकर्मियों ने अविस्मरमणीय अभिनय किया था। मोटेराम का अनशन तोड़वाने वाले राजनीतिक दल के कार्यकर्ता का चरित्र इप्टा के राजेश श्रीवास्तव व मोटेराम की भूमिका विभाष उपाध्याय ने निभाई थी। रंगदर्शिनी की रजनीश झांझी मजिस्ट्रेट, निखिल पाठक जोहरा बाई,, ललित उपाध्याय जासूस,रामायण चंदा धोबी, सुरेश गोंडाले व एके मजूमदार, शैलेश साव नेता, बसंत ठमके, मिर्जा मसूद बेग, एके मजूमदार, अरुण पाल, आफिसर, साहूकार व आफिस ब्याय आदि की सजीव भूमिका में थे। वाजिद आली वाईसराय और नीलिम रथ पंडिताईन व मिनी झंझी सब्जीवाली बनी थीं। दीपक तिवारी व नीलिमा तिवारी के गीतों का जादू था।







### जुनून का प्रतीक : ललित

ललित उपाध्याय बताते हैं स्वर्णिम दौर में अलखनंदन के निर्देशन में नाटक सभी दृष्टि से क्लासिक था सभी जीवंत किरदार जीवंत जुनून के प्रतीक थे।

### सुनहरे दौर का साझा शाहकार था नाटक : कौशल उपाध्याय



इतने अधिक कलाकारों के अभिनय और अलखनंदन जैसे प्रसिद्ध निर्देशक के निर्देशकीय कौशल और प्रेमचंद का हबीब तनवीर व सफदर द्वारा रुपांतरित नाटक मोटेराम का सत्याग्रह के मंचन को लेकर भिलाई दुर्ग के नाट्यप्रेमियों में भारी उत्सुकता थी। और जब इस नाटक का खचाखच बरे नेहरु हाउस मंचन हुआ तो बैठे व खड़े दर्शक भावविभोर हो गए। बेहतर प्रस्तुति देख इसे कलाकारों ने बाहर मंचन के बारे में भी सोचा लेकिन फिर से इतने अधिक कलाकारों को एकजुट करना संभव नहीं हो सका। रंग निर्देशक कौशल उपाध्याय बताते हैं कि मोटेराम का मेरा किरदार ही नहीं सभी कलाकारों की भूमिका में मेहनत, स्पर्धा व टैलेंट दिखा था। नाटक भिलाई के स्वर्णिम दौर का शाहकार है। निखिल बताते हैं कि न ना करते हुए मुझे जोहरा बाई के डांस के लिए अलखनंदन ने घंटों नचवाया था। नाटक प्रासंगिक, संदेश के साथ कलाकारों का गुलदस्ता होने से सालों तक लोगों को याद है। शोले की तरह हर किरदार बेहतरीन था।

### डायरेक्टर ने कटवा दीं राजेश की मूंछें

नाटक इतना रोचक था कि यहां के नाट्यप्रेमियों के साथ भोपाल के डायरेक्टर अलखनंदन से लेकर बंबई इप्टा में मोटेराम की भूमिका निभाने वाले प्रसिद्ध रंगमंच व फिल्म कलाकार अंजन श्रीवास्तव तक ने प्रशंसा कर बाहर भी मंचन के लिए प्रेरित किया। लेकिन काफी प्रयास के बाद भी इस क्लासिक प्ले दर्शकों को दोबारा देखने का सौभाग्य नहीं मिल सका। सिविल आफिसर की भूमिका निभाने वाले वरिष्ठ रंगकर्मी राजेश श्रीवास्तव बताते हैं कि दोबार मंचन के लिए डायरेक्शन कौन करेगा व मंचन के संसाधनों को लेकर पहले जैसा पैसन भी नहीं दिखा। क्योंकि सभी प्रतिभागी ग्रुपों में बड़े डायरेक्टर थे, जिनमें निर्देशन को लेकर एकराय नहीं थी चुनौती यह थी कि अलखनंदन व पहली प्रस्तुति से बेहतर होगा कि नहीं ।



नाटक की कहानी यह थी कि भारत में वायसराय आने के पहले चल रही हड़ताल को प्रशासन नेता तोड़वाना चाहते हैं। जब सभी अपने अपने ढंग से प्रयास करते हैं और सफल नहीं होते तो राजनीतिक दल के कार्यकर्ता का किरदार निभाने वाले राजेश श्रीवास्तव पंडित मोटेराम को बहकाता हैं और रात में भूख लगने पर चालाकी से मिठाई खिलाकर अनशन तोड़वा देता है। श्री श्रीवास्तव बताते हैं कि उनके राजनीतिक कार्यकर्ता व आफिसर के डबल रोल के लिए डायरेक्टर ने उनकी दाढी मूंछ सफाचट करवा दी थी। अच्छे अभिनय के लिए सभी ने खूब मेहनत की थी।

## नूतन चौक भिलाई 3 में चल रहा था लंबे समय से जुआ, पांच जुआरियों को पुलिस ने पकड़ा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ आरोपियों से 2 लाख 8 हजार 600 रुपए बरामद

लंबे समय से भिलाई तीन में जुआ चल रहा था। मुखबिर की सूचना पर पुलिस ने दबिश देकर पांच जुआरियों को गिरफ्तार किया है। जुआरियों के पास से पुलिस ने नगदी 1.67 लाख 600 रुपए जब्त किया है। भिलाई तीन पुलिस ने बताया कि नूतन चौक भिलाई 3 के शिव मंदिर के पास पैसे का हार-जीत का दांव चल रहा था। मौके पर पहुंची पुलिस ने दबिश देकर नूतन चौक भिलाई 3 निवासी राजेश कुमार सचदेव,धर्मेश सोनी, खुर्सीपार रवि बिसाई, दंतेश्वरी मंदिर चौक ग्राम देवबलौदा मानसिंग यादव. बालाजी नगर खुर्सीपार मोहन साहू को पकड़ा गया। जुआरियों के पास से पुलिस ने सट्टापट्टी पर्ची, डायरी, रजिस्टर, 6 मोबाइल फोन, कैलकुलेटर, डॉट पेन, नगदी रकम जब्त किया गया। सामानों की कीमत 2.8 लाख 600 रुपए बरामद किया है। जुआरियों के खिलाफ पुलिस ने धारा 06, 07 छत्तीसगढ़ जुआ प्रतिषेध अधिनियम एवं धारा 112 बीएनएस के तहत कार्रवाई किया है। जुआरियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया है।

## डीडब्ल्यूपीएस चरोदा में शिक्षा का नया मॉडल, रटने नहीं बल्कि कौशल पर जोर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

डीडब्ल्यूपीएस चरोदा स्कूल ने शिक्षा के क्षेत्र में एक नया मॉडल पेश किया है, जहां अब केवल अंकों पर नहीं बल्कि बच्चों के समग्र विकास और जीवन कौशल पर जोर दिया जा रहा है। स्कूल के प्राचार्य शिशिर प्रकाश ने स्पष्ट कहा कि उनका लक्ष्य अंक सूची नहीं, जीवन सूत्र बनाना है। उनका मानना है कि खुशहाल बच्चा ही बेहतर तरीके से सीख सकता है, इसलिए मानसिक सुरक्षा और प्रसन्नता को प्राथमिकता दी जा रही है।

विद्यालय में राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 और एनसीएफ 2023 को व्यवहारिक रूप में लागू किया गया है। रटने आधारित शिक्षा को खत्म कर रियल वर्ल्ड मास्टरी को पाठ्यक्रम का आधार बनाया गया है। शिक्षा मॉडल के तहत



बच्चों के विकास को पांच आयामों में बांटा गया है, जिसमें शारीरिक, मानसिक, बौद्धिक, भावनात्मक और आनंदमय विकास शामिल है। योग, प्राणायाम, कहानी, संगीत, संवाद, अन्वेषण आधारित गतिविधियां और खेल-कला के जरिए बच्चों को संतुलित विकास का अवसर दिया जा रहा है। मूल्यांकन प्रणाली में भी बदलाव किया गया है। अब अंकों की जगह दक्षता आधारित मूल्यांकन पर जोर है। पोर्टफोलियो, प्रोजेक्ट और गतिविधियों के माध्यम से बच्चों की प्रगति को मापा जा रहा है, जिससे सीखने की प्रक्रिया अधिक प्रभावी और स्पष्ट बन रही है।

स्किल मेला, कुलिनरी चिलआउट और ग्रीन बर्थडे जैसे कार्यक्रमों के माध्यम से बच्चों में उद्यमिता, नैतिकता, पर्यावरण जागरूकता और सामाजिक जिम्मेदारी विकसित की जा रही है। मेंटोरिंग सिस्टम के तहत हर शिक्षक 12 से 15 बच्चों के समूह के साथ नियमित संवाद करता है, जिससे बच्चों की समस्याओं का समाधान और उनके विकास पर नजर रखी जाती है। हाल ही में आयोजित यूकेजी ग्रेजुएशन डे में बच्चों ने मंच संचालन, प्रोजेक्ट प्रेजेंटेशन और संवाद कौशल का प्रदर्शन किया।

## एआई आधारित एक्स-रे व सोनोग्राफी मशीन का लोकार्पण

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई



■ विधायक प्रतिनिधि के रूम शामिल हुए मीनाक्षी चंद्राकर

विश्व टीबी दिवस के अवसर पर रुआबांधा सेक्टर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में टीबी मुक्त भारत अभियान 2.0 के अंतर्गत 100 दिवसीय अभियान का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में विधायक प्रतिनिधि के रूप में विधायक ललित चन्द्राकर की पत्नी मीनाक्षी चंद्राकर शामिल हुई।

इस अवसर पर एआई तकनीक से युक्त अत्याधुनिक एक्स-रे मशीन और सोनोग्राफी मशीन का पूजा-अर्चना के साथ उद्घाटन करते हुए टीबी मुक्त भारत अभियान रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। नई सुविधाओं से मरीजों को त्वरित, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण जांच मिलेगी। साथ ही समय पर टीबी की पहचान, तत्काल जांच और तुरंत उपचार की राह आसान होगी। वहीं गर्भवती महिलाओं की जांच कराने में भी अब विशेष सुविधा होगी। मीनाक्षी चंद्राकर ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के टीबी मुक्त भारत संकल्प को साकार करने के लिए हम प्रतिबद्ध हैं। 100 दिवसीय अभियान में घर-घर जाकर संभावित मरीजों की पहचान, शीघ्र जांच और पूर्ण उपचार हमारा लक्ष्य है। डॉ. देवेंद्र बेलचंदन बीएमओ ने बताया कि नई एआई आधारित एक्स-रे मशीन से छाती के एक्स-रे की सटीकता व गति दोनों बढ़ेंगी, जिससे टीबी की समय पर पहचान आसान होगी। समुदाय, मितानिन बहनों और स्वास्थ्य टीम के सहयोग से इस अभियान को लक्ष्य तक ले जाएंगे। इस अवसर पर पार्षद सारिका साहू, प्रेमचंद साहू, राकेश त्रिपाठी, विनोद जैन, मीनू निषाद, डॉ. अभिषेक श्रीवास्तव सहित स्वास्थ्य विभाग के अधिकारी-कर्मचारी और मितानिन बहनें उपस्थित थे।

## योग आयुर्वेद और पंचकर्म पद्धति का लाभ मिला ग्रामीणों को

हरिभूमि न्यूज ▶▶| पाटन

गायत्री मंदिर परिसर पाटन में 5 दिवसीय योग आयुर्वेद पंचकर्म प्राकृतिक चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। पाटन ब्लॉक स्तरीय पतंजलि योग समिति एवं गायत्री शक्तिपीठ पाटन के तत्वाधान में शिविर का समापन मंगलवार को हुआ। यहां शृंगी, कांसा ,जानो ,कांसा बर्तन,कपलिंग,जोंक,एक्यूप्रेशर और कपिंग थेरेपी आदि से उपचार चिकित्सा हुई।

समापन समारोह में अतिथि पतंजलि योग समिति दुर्ग जिला प्रभारी नरेंद्र पटेल, संगठन मंत्री डॉ श्रीनिवास राव, कोषाध्यक्ष राजेश तिवारी ,युवा भारती राज्य प्रभारी जयंत भारती , युवा प्रभारी धीरेंद्र वर्मा और ब्लॉक संरक्षक आसकरण जैन मंचासीन रहे। पतंजलि योग जिला अध्यक्ष नरेंद्र पटेल ने कहा कि दो पल की जीवन में स्वर्णिम इतिहास बनाए। पंच तत्व से निर्मित शरीर की स्वस्थता के लिए प्रकृति के अनुरूप दिनचर्या बनाए स्वस्थ रहे मस्त रहे फिर देखे बीमारियां पास भी ना आए। और यदा कदा आ भी गए तो उपचार के साइड इफेक्ट से बचने और स्वस्थ होने के लिए प्राकृतिक , योग एवं आयुर्वेद चिकित्सा अपनाएं।



### प्रशिक्षक स्वयं स्वास्थ्य रोल मांडल बने

संगठन मंत्री श्रीनिवास राव ने कहा कि शरीर में आने वाले विकारों को बाहर करने में प्राकृतिक योग आयुर्वेद चिकित्सा स्वर्णिम अवसर प्रदान करती है। स्वास्थ धन जीवन में सर्वोपरि है। संचालन पंच राम साहू ने किया। शिविर को सफल बनाने में योगाचार्य रामावतार चंद्राकर,महेंद्र साहू,रुपेश कुमार, ओकेश्वरी साहू,डॉ रश्मि मिश्रा, सुनीता धीवर,पिंकी साहू,आशा साहू,पंचराम साहू,राजेश ताम्रकार घनश्याम सिन्हा,किशन कुमार और उमेश पटेल की भूमिका सराहनीय रही।

## भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने की बीएसपी में ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाने की मांग

हरिभूमि न्यूज ▶▶| भिलाई

भिलाई इस्पात मजदूर संघ ने भिलाई इस्पात संयंत्र के अंदर ओवरलोड परिवहन पर रोक लगाने की मांग की है। यूनियन के प्रतिनिधि मंडल ने मुख्य महाप्रबंधक से मिलकर असुरक्षित परिवहन को नियंत्रित करने और नियम तोड़ने वालों पर कार्रवाई करने की मांग की। यूनियन ने ओवरलोडिंग वाहनों पर रोक और वाहनों को आवाजाही की अनुमति रोड इन्फ्रास्ट्रक्चर के अनुसार ही देने और हर ट्रक व हाईवा में चालक के साथ एक हेल्पर की उपस्थिति अनिवार्य किए जाने पर जोर दिया। संयुक्त महामंत्री वशिष्ठ वर्मा ने ठेका मजदूरों को भी सेफ्टी हेल्मेट प्रबंधन द्वारा प्रदान व सेक्टर 1 क्रिकेट मैदान में प्रकाश व्यवस्था व कूलर की व्यवस्था कराने की मांग की। प्रतिनधि मंडल मे सीजीएम ने अधिकारियों से चर्चा कर समाधान का आश्वासन यूनियन को दिया है । बैठक में मजदूर संघ के उपाध्यक्ष आईपी मिश्रा सहित विनोद उपाध्या, दिल्ली राव, हरिशंकर चतुर्वेदी, शारदा गुप्ता व आरके सोनी शामिल थे।




### स्वप्निल रुमिता जाना को मिली पीएचडी की उपाधि

**भिलाई।** स्वप्निल रुमिता जाना को शिक्षा में पीएचडी की उपाधि हेमचंद यादव विश्वविद्यालय द्वारा प्रदान की गई। उनका शोध प्रबंध ऑटिस्टिक बच्चों का व्यवहार परिवर्तन और शैक्षणिक उपलब्धि शीर्षक से था। इस शोध कार्य का मार्गदर्शन डॉ. वि.सुजाता, डॉ. अर्निबान चौधरी और सह मार्गदर्शक के रूप में डॉ.अनिर्बन चौधरी रहे। वर्तमान में वे भिलाई स्थित प्रिज्म कॉलेज में सहायक प्राध्यापक के पद पर कार्यरत हैं।



### सार्वजनिक सूचना (आपत्ति सूचना)

यह सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि निम्नलिखित संपत्ति को छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, शाखा बेमेतरा के पक्ष में बंधक (बंधक) रखने की प्रक्रिया चल रही है :

**संपत्ति का विवरण:** खसरा नंबर 1076/3, रकबा 0.41 हेक्टेयर, प्रकारः आवासीय भूखंड, स्थित ग्राम देवरबीजा, PHN 01, RI- कोदवा, तहसील बेरला, जिला बेमेतरा, छत्तीसगढ़

उक्त संपत्ति के वर्तमान भू-स्वामी श्रीमती रेणुका जैन हैं।

यदि उक्त संपत्ति के संबंध में किसी व्यक्ति, संस्था या पक्ष को कोई आपत्ति, दावा, हक या अधिकार हो, तो वह इस सूचना के प्रकाशन की तिथि से 7 (सात) दिवस के भीतर अपनी आपत्ति लिखित रूप में प्रस्तुत करें।

निर्धारित अवधि के पश्चात प्राप्त होने वाली किसी भी आपत्ति पर विचार नहीं किया जाएगा तथा उक्त संपत्ति को बिना किसी बाधा के छत्तीसगढ़ ग्रामीण बैंक, शाखा बेमेतरा के पक्ष में बंधक रख दिया जाएगा।

स्थानः बेमेतरा दिनांकः 25.03.2026

सूचना देने वाला:
नामः रेणुका जैन,
पताः देवरबीजा,
मोबाइल नंबरः +91 9343091110

लक्ष्मीकांत तिवारी
अधिवक्ता/ नोटरी, बेमेतरा (छ.ग.)



विज्ञापन हेतु संपर्क करें : 0771-4242213, 7987119756, 9303508130

### पर्व : जनप्रतिनिधियों ने की क्षेत्र की समृद्धि की कामना

# नवागढ़ में श्रद्धा व भक्ति के साथ मनाई चैत्र नवरात्र अष्टमी, मां महामाया मंदिर में उमड़ी भीड़

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नवागढ़

चैत्र नवरात्र की पावन अष्टमी तिथि पर धर्मनगरी नवागढ़ आस्था, श्रद्धा और भक्ति के रंग में पूरी तरह रंगी नजर आई। ऐतिहासिक सिद्धपीठ मां महामाया मंदिर में सुबह से ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी। जय माता दी के जयकारों, शंखध्वनि और घंटियों की गूंज से मंदिर परिसर भक्तिमय वातावरण में डूब गया। भोर से ही शुरू हुए दर्शन का सिलसिला देर रात तक जारी रहा। दूर-दराज के गांवों से भी श्रद्धालु परिवार सहित माता के दर्शन के लिए पहुंचे और सुख-समृद्धि की कामना की।

■ शंखध्वनि और घंटियों से गूंजा मंदिर परिसर



अष्टमी के अवसर पर परंपरानुसार भव्य हवन का आयोजन किया गया। आचार्यों द्वारा वैदिक मंत्रोच्चार के बीच श्रद्धालुओं ने आहुति देकर मां महामाया का आशीर्वाद प्राप्त किया।हवन कुंड से उठती धूम्ररेखाओं और मंत्रों की गूंज ने पूरे वातावरण को आध्यात्मिक ऊर्जा से भर दिया। श्रद्धालुओं ने परिवार, समाज और क्षेत्र की खुशहाली के लिए प्रार्थना की।इस अवसर पर नगर के प्रमुख विकास दीवान ने भी हवन में आहुति देकर क्षेत्र की सुख-शांति, समृद्धि और मंगलमय वातावरण की कामना की। उन्होंने कहा कि ग्राम देवी मां महामाया की अनंत कृपा से ही नवागढ़ और आसपास के गांवों में शांति, सद्भाव और समृद्धि बनी हुई है। उन्होंने माता रानी से प्रार्थना की कि हर घर-परिवार में सुख, स्वास्थ्य और समृद्धि बनी रहे तथा नगर निरंतर विकास के पथ पर अग्रसर हो। इस दौरान आचार्य श्रीकांत शर्मा, रामनाथ योगी, जितेंद्र नाथ योगी, रोशन धर दीवान, अनुपम धर दीवान, तिहारी देवांगन, संतोष देवांगन, जूठेल सोनकर सहित भक्तजन उपस्थित रहे।

नवागढ़ के साथ-साथ आसपास के ग्राम बूचीपुर, मारो, मूरता, दाढ़ी, नांदघाट, अंधियारखोर, संबलपुर और प्रतापपुर सहित कई गांवों में भी अष्टमी पर्व श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। विभिन्न शक्तिपीठों में हवन, पूजा-अर्चना और आरती का आयोजन हुआ। श्रद्धालुओं ने परिवार और समाज की खुशहाली के लिए माता रानी से आशीर्वाद मांगा।

### महाअष्टमी की मध्यरात्रि पर निकली खप्पर

:कवर्धा। चैत्र नवरात्रि की महाअष्टमी पर शहर में आस्था और परम्परा का अनूठा संगम देखने को मिला, जब आधी रात को नगर के दो प्रमुख शक्ति पीठों से पारंपरिक खप्पर यात्रा निकाली गई। वर्षों पुरानी इस परंपरा का निर्वहन पूरे विधि-विधान और श्रद्धा के साथ किया गया, जिसे देखने के लिए नगर सहित आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों से हजारों श्रद्धालु देर रात तक जुटे रहे। स्थानीय मां चण्डी मंदिर और मां परमेश्वरी मंदिर से ग्राम पूजा के लिए खप्पर निकाली गई। इस दौरान मंदिर परिसर और आसपास का क्षेत्र भक्तों की भीड़ से खचाखच भरा रहा। खप्पर यात्रा के दर्शन के लिए लोगों ने रतजगा कर मध्यरात्रि तक इंतजार किया। मध्यरात्रि में विशेष पूजा-अनुष्ठान के बाद यह परंपरा प्रारंभ हुई। इससे पहले मंदिर समितियों के पंडों द्वारा अगुवान और खप्पर धारक को वैदिक विधि से हवन कराया गया तथा नदी में स्नान कराया गया। इसके पश्चात मंदिर के गर्भगृह में देवी के परिधान और आभूषणों से उन्हें सुसज्जित किया गया।

### खबर संक्षेप

#### नगर में धूमधाम से मनाई जाएगी रामनवमी

**कवर्धा।** प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी धर्मनगरी कवर्धा में रामनवमी का पर्व धूमधाम एवं हर्षोल्लास से मनाई जाएगी। नगर में रामनवमी के अवसर पर विविध धार्मिक आयोजन, पूजा-पाठ का आयोजन 27 मार्च को किया जाएगा। जिसकी तैयारियां विभिन्न मंदिर समितियों एवं सनातनियों द्वारा की जा रही हैं।

#### मां राजोदाई मंदिर में किया गया श्रमदाम

**कवर्धा।** चैत्र नवरात्रि महाष्टमी के पावन अवसर पर समृद्ध छत्तीसगढ़ किसान संघ, छत्तीसगढ़ प्रदेश के तत्वावधान में मां राजोदाई मंदिर, सुरजपुरा परिसर में श्रमदान एवं स्वच्छता अभियान का आयोजन किया गया। इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में किसान बंधुओं एवं कार्यकर्ताओं ने उत्साहपूर्वक भाग लेते हुए मंदिर परिसर एवं आसपास के क्षेत्र की साफ-सफाई कर स्वच्छता का संदेश दिया।

### निधन

#### राजेश शर्मा

**बेमेतरा।** शहर के वार्ड नंबर 11 निवासी राजेश शर्मा (ग्राम मोहलई,धमधा) उम्र 39 वर्ष का आकस्मिक निधन 25 मार्च को हो गया। वे नवभारत प्रेस बेमेतरा में कार्यरत थे। उनका अंतिम संस्कार बेमेतरा शहर के सिंघौरी मुक्तिधाम में 26 मार्च को किया गया। वे अपने पीछे भरापूरा परिवार छोड़ गए।



## महाअष्टमी पर शक्ति की भक्ति में डूबे नजर आए श्रद्धालु

■ महाअष्टमी को लेकर लोगों में दिखा भारी उत्साह

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

चैत्र नवरात्र पर्व की अष्टमी को कवर्धा नगर सहित अंचल के सभी देवी मंदिरों में पूरे विधि विधान के साथ हवन पूजन किया गया।

इस पर्व विशेष में गुरूवार की सुबह से ही मंदिरों में भक्तों का तांता लगना शुरू हो गया था और यह सिलसिला सुबह से लेकर देर रात चलते रहा। जिसके चलते नगर में मेला जैसा माहौल देखने को मिला। चैत्र नवरात्र के महाअष्टमी के रोज सुबह से श्रद्धालुओं ने स्थानीय देवी मंदिरों एवं शक्तिपीठों में पहुंचकर मां जगत जननी की विधि विधान से पूजा अर्चना की और ज्योत-ज्वांरा के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त किया।

इस दौरान श्रद्धालुओं ने मां के चरणों में नारियल, फूल, खीर, पूरी तथा श्रृंगार के सामान चढ़ावे के रूप में अर्पित किए। सार्वधिक भीड़ नगर के मां विंध्यवासनी मंदिर, महामाया मंदिर, मां काली मंदिर, दुर्गा मंदिर, दंतेश्वरी मंदिर, परमेश्वरी मंदिर, शीतला मंदिर में देखने को मिली। इस दौरान श्रद्धालुओं ने साथ मिलकर पूरी भक्ति भावना के साथ मंदिर परिसर में बैठकर हवन भी किया। मां की भक्ति में डूबा समूचा नगर हवन कुण्ड से उठने वाले पवित्र धुआं व खुशबू से दमक उठा। चारों दिशाओं में मां भक्ति की गंगा देखने को मिली। तेज गर्मी व तपती दोपहरी में भी लोग हाथों में पूजा की थाल लिए नंगे पैर मां के दरबार में जाकर पूजा अर्चना की। नगर के मां महामाया मंदिर, दुर्गा मंदिर, विन्ध्यवासिनी मंदिर तथा सतबहिनिया मंदिर में करीब 11.30 बजे हवन प्रारंभ हुआ। इसके साथ ही मां चण्डी, परमेश्वरी, सिंहवाहिनी व शीतला मंदिर में करीब 12.30 बजे तथा मां राजराजेश्वरी काली मंदिर में 11 बजे हवन प्रारंभ किया गया। दूसरी तरफ अष्टमी की मध्यरात्रि को मां परमेश्वरी एवं मां चण्डी से निकले वाले खप्पर को देखने आसपास के अंचलों से हजारों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं ने पूरे नगर का वातावरण भक्तिमय बना दिया। जिनके कारण पूरी रात स्थानीय देवी मंदिरों में चहल पहल बनी रही।



#### कराया गया कन्या भोज

आचार्यों व पुरोहितों द्वारा पूरे विधि-विधान से कराए गए हवन के पश्चात कुंवारी कन्याओं को विशेष पूजा अर्चना पश्चात भोजन कराया गया। तत्पश्चात प्रसाद वितरण किया गया। यहां बताना लाजिमी है कि नवरात्रि में कन्या पूजन का अपना विशेष महत्व है इसलिए अष्टमी को कन्या भोज एवं कन्या पूजन कराना आवश्यक माना जाता है। इसी मान्यता के चलते शनिवार को हवन पाश्चात सभी देवी मंदिरों में कन्या पूजन एवं भोज कराया गया। इसके अलावा श्रद्धालुओं ने अपने-अपने घरों में भी मां जगत जननी तथा कन्या की पूजा कर कन्या भोज कराया।

#### मंदिरों के पास मेला जैसा माहौल

नगर के प्रमुख देवी मंदिरों में शामिल मां विंध्यवासनी मंदिर, मां काली मंदिर, मां महामाया मंदिर, मां दुर्गा मंदिर सहित अन्य देवी मंदिरों के सामने महाअष्टमी के मौके पर सुबह से ही मेला जैसा माहौल देखने को मिला। मंदिरों के बार दुकानदारों द्वारा नारियल, फूल माला, खेल खिलौना सहित अन्य साजो सामान की दर्जनो दुकाने लगाई गई थी। जिसमें श्रद्धालुओं ने जमकर खरीदी की और मां जगतजननी को चढ़ावा भेंट किया। इस माहौल के चलते मंदिर के आसपास मेला सा माहौल देखने को मिला। नगर के दो शक्तिपीठों से खप्पर निकलने के कारण यह उत्साह दो गुना होगा।

## महुआ व देशी शराब के साथ दो आरोपी गिरफ्तार

■ कवर्धा पुलिस ने ग्राम बेंदरची के आबादी पारा में दबिश देकर की कार्यवाही

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

कबीरधाम पुलिस द्वारा अवैध शराब के विरुद्ध चलाए जा रहे विशेष अभियान के तहत अवैध शराब पर बड़ी कार्यवाही करते हुए दो अलग-अलग मामलों में आरोपियों के कब्जे से महुआ शराब व बिक्री के लिए रखी देशी मदिरा जप्त की है। दोनो मामलों में पुलिस ने दो आरोपियों को जप्त किया है। पुलिस प्रशासन से मिली जानकारी के अनुसार प्रथम प्रकरण में को मुखबिर सूचना के आधार पर ग्राम बेंदरची (आबादी पारा) में दबिश दी गई, जहां आरोपी मनोज पटेल पिता सुमित पटेल उम्र 32 वर्ष के कब्जे से अवैध रूप से रखा गया 08 लीटर देशी महुआ शराब तथा लगभग 40 लीटर महुआ लाहन बरामद की गई। आरोपी के पास शराब रखने एवं निर्माण संबंधी कोई वैध दस्तावेज नहीं पाए जाने पर उसके विरुद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विधिवत गिरफ्तार किया गया। जप्त सामग्री की कुल कीमत लगभग 3200 रुपए आंकी गई है। इसी प्रकार द्वितीय प्रकरण में उसी दिन ग्राम बेंदरची (भाठापारा) में स्कूल के पास दबिश देकर आरोपी कैलाश श्रीवास पिता पुरूषोत्तम श्रीवास उम्र 25 वर्ष को अवैध रूप से शराब बिक्री करते हुए पकड़ा गया। आरोपी के कब्जे से 17 पौवा देशी प्लेन मदिरा (प्रत्येक 180 एमएल) कुल 3.060 बल्क लीटर एवं बिक्री रकम 240 रुपए जप्त किया गया। आरोपी के विरुद्ध धारा 34(1) (ख) आबकारी एक्ट के तहत कार्यवाही की गई। दोनों ही मामलों में आरोपियों द्वारा अवैध रूप से शराब का संग्रहण एवं विक्रय किया जाना पाया गया, जिससे क्षेत्र में अवैध गतिविधियों को बढ़ावा मिल रहा था। कबीरधाम पुलिस द्वारा त्वरित कार्यवाही कर इन गतिविधियों पर प्रभावी अंकुश लगाया गया है। कबीरधाम पुलिस आम नागरिकों से अपील करती है कि अवैध शराब निर्माण, भंडारण एवं विक्रय की किसी भी जानकारी की सूचना तत्काल पुलिस को दें, ताकि ऐसे असामाजिक तत्वों के विरुद्ध सख्त कार्यवाही की जा सके।




## संभागीय सरस मेला में अन्वेषा राजीव केशरी की शानदार प्रस्तुति



हरिभूमि न्यूज ▶▶ कवर्धा

सरदार पटेल मैदान कवर्धा में आयोजित संभागीय सरस मेला में नगर की नवोदित गायिका मिस अनुष्का-राजीव केशरी ने अपनी प्रस्तुति से दर्शकों का मन मोह लिया। तेरी मिट्टी में मिल जावा जैसे देश प्रेम भावुक गीत की प्रस्तुति के साथ, ये मेरा दिल, हाल क्या है दिलों का, तेरे नाम जैसे पाश्र्व गीत की शानदार प्रस्तुति देकर पिता और पुत्री ने संगीत प्रेमियों को मंत्रमुग्ध कर दिया। इनकी गायकी लोगों के बीच प्रमुख आकर्षण रही। उल्लेखनीय है कि अनुष्का नगर के प्रतिष्ठित गायक राजीव केशरी की सुपुत्री है और वर्तमान में शारदा संगीत महाविद्यालय से गायन की विधिवत शिक्षा प्राप्त कर रही है। कार्यक्रम के अंत में अन्वेषा केशरी को स्मृति चिन्ह भेंट कर सम्मानित किया गया। इस शानदार प्रस्तुति पर नगर के संगीतप्रेमियों, गणमान्य नागरिकों ने बधाई दी।

## अष्टमी पर पांडातराई नगर में उमड़ी श्रद्धा, मंदिरों में दिनभर लगा रहा मेला

**पाण्डातराई।** चैत्र नवरात्रि के पावन अवसर पर अष्टमी तिथि के दिन नगर के प्रमुख मंदिरों में भक्ति और आस्था का अद्भुत संगम देखने को मिला। प्रातःकाल से ही देर रात तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ माता के दर्शन हेतु मंदिरों में उमड़ती रही। नगर के मां महामाया मंदिर के पुजारी प्रमोद पाठक ने बताया कि इस वर्ष मंदिर में 617 मनोकामना ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं, जो भक्तों की आस्था का प्रतीक हैं। वहीं संतोषी मंदिर के पुजारी लोमस दुबे के अनुसार, इस बार मंदिर में 97 ज्योति कलश जलाए जा रहे हैं। इसके अतिरिक्त सीतला मंदिर में भी 40 ज्योति कलश प्रज्वलित किए गए हैं। अष्टमी के दिन मंदिरों में दिनभर विशेष पूजा-अनुष्ठान आयोजित किए गए। नवरात्रि के नौ दिनों तक देवी के नौ रूपों की विधि-विधान से पूजा की जाती है। इस दौरान श्रद्धालु व्रत, जप-पाठ और भजन-कीर्तन के माध्यम से माता की आराधना में लीन रहते हैं। प्रतिदिन सुबह और शाम मंदिरों में माता की भव्य आरती की जाती है, जिसमें बड़ी संख्या में भक्त शामिल होकर पुण्य लाभ अर्जित करते हैं।



### मामले की जांच के बाद दोषी धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्रीकला का प्रभारी गिरफ्तार

## धान खरीदी में 70 लाख से अधिक की हेराफेरी का खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कुण्डा




जिला पुलिस प्रशासन द्वारा बड़ी कार्यवाही करते हुए थाना कुण्डा क्षेत्र अंतर्गत धान खरीदी केन्द्र पेण्ड्रीकला में हुए 70,43,200 रुपए के गबन, हेराफेरी के मामले में आरोपी को गिरफ्तार कर न्यायिक रिमांड पर जेल भेजा गया है। मामले में प्रार्थी राजेन्द्र कुमार डाहिरे, जिला सहकारी केन्द्रीय बैंक राजनांदगांव शाखा कुण्डा द्वारा लिखित शिकायत प्रस्तुत की थी। शिकायत के अनुसार विपणन वर्ष 2025-26 में सेवा सहकारी समिति मर्यादित अंतर्गत धान उपार्जन केन्द्र पेण्ड्रीकला का निरीक्षण कलेक्टर खाद्य शाखा कबीरधाम के आदेश पर गठित जांच दल द्वारा किया गया। जांच में पाया गया कि 12 जनवरी 2026 की स्थिति में कुल 23319.20 क्विंटल धान की खरीदी दर्ज थी, जिसमें से 3880 क्विंटल धान का उठाव हो चुका था तथा शेष 19439.20 क्विंटल धान केन्द्र में उपलब्ध होना चाहिए था। किन्तु भौतिक सत्यापन में मात्र 17167.20 क्विंटल धान ही पाया गया, जिससे 2272.00 क्विंटल धान की कमी सामने आई। इस कमी का आंकलन शासकीय मूल्य के आधार पर 70,43,200 रूपए किया गया। जांच प्रतिवेदन में स्पष्ट किया गया कि धान खरीदी प्रभारी विवेक चंद्राकर द्वारा तौल पत्रक एवं रजिस्टर में कुटरचना कर धान की हेराफेरी की गई तथा अमानत में खयानत करते हुए शासन को आर्थिक क्षति पहुंचाई गई। प्रकरण में थाना कुण्डा में अपराध क्रमांक 15/2026 धारा 316(3), 316(5), 318(4), 336(3), 338, 340 भारतीय न्याय संहिता के तहत अपराध पंजीबद्ध कर विवेचना में लिया गया। विवेचना के दौरान प्रार्थी, गवाहों एवं जांच दल के सदस्यों के कथन लिए गए तथा साक्ष्य संकलित किए गए। पूछताछ में आरोपी द्वारा धान खरीदी के दौरान रिकॉर्ड में हेराफेरी करना स्वीकार किया गया, जिससे शासन को भारी आर्थिक नुकसान हुआ। थाना प्रभारी कुण्डा निरीक्षक विमल लावनिया के नेतृत्व में टीम गठित कर आरोपी विवेक चंद्राकर की पतासाजी कर 26 मार्च 2026 को उसे उसके ठिकाने से गिरफ्तार कर एवं न्यायालय में प्रस्तुत कर न्यायिक अभिरक्षा में जेल भेज दिया।

## कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को दी भावभीनी विदाई

**बेमेतरा।** शासकीय प्राथमिक शाला (सीबीएसई) बेरला में कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों के लिए विदाई समारोह का आयोजन किया गया। कक्षा पहली से चौथी तक के बच्चों ने स्वागत गीत और फूलों से उनका अभिनंदन किया।

कार्यक्रम में विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए शिक्षकों के स्नेह और मार्गदर्शन को यादगार बताया। बच्चों ने कहा कि उन्हें यहां अच्छा माहौल, सच्चे दोस्त और प्रेरणादायक शिक्षक मिले। इस अवसर पर सांस्कृतिक कार्यक्रम आयोजित हुए तथा मनीष मरकाम द्वारा नेवता भोज कराया गया। कक्षा पांचवी के विद्यार्थियों को स्मृति स्वरूप ग्रुप फोटो भी भेंट किया गया।



कार्यक्रम में पालकों का भी विशेष सहयोग रहा। शिक्षिका प्रतिभा साहू ने सभी का आभार व्यक्त करते हुए नेवता भोज की महत्ता पर प्रकाश डाला। समारोह में विद्यालय स्टाफ और सभी विद्यार्थी उपस्थित रहे।

